प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6036 दिनांकः 19 जुलाई, 2022

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) की द्वितीय चरण की परीक्षाओं में डिटेन्ड छात्रों की सूची उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत हो कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक0/बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के द्वितीय चरण की परीक्षायें दिनांक 29 जुलाई, 2022 से दिनांक 22 अगस्त, 2022 तक प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचित करना है कि आपकी संस्थान में अध्ययनरत छात्रो की **विश्वविद्यालय के नियामानुसार उपस्थिति कम होने अथवा अनुशानहीनता के कारण, डिटेन्ड किये गये छात्रों की सूची विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 लॉगिन पर दिनांक 19 जुलाई, 2022 से दिनांक 24 जुलाई, 2022 तक** प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि वर्तमान में संचालित प्रयोगात्मक परीक्षा में रोके गये छात्रों की सूची को भी ई0आर0पी0 पर अपलोड करना अनिवार्य है। संस्थान द्वारा डिटेन्ड छात्रों का प्रवेश पत्र किसी भी दशा निर्गत नहीं किया जाय तथा छात्र/छात्राओं द्वारा शिकायत/आवेनद की स्थिति में डिटेन्ड से सम्बन्धित अभिलेख विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उक्त तिथि तक आपके द्वारा डिटेन्ड किये गये छात्र की सूची उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा यह मान लिया जायेगा कि आपके संस्थान में कोई भी छात्र डिटेन्ड नहीं है तथा विश्वविद्यालय द्वारा सभी पात्र छात्रों का प्रवेश पत्र जारी कर दिया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi 19.07.22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक